आपके बैंक खाते को समझदारी से प्रबंधित करना

हांगकांग में व्यवसाय के मालिकों के लिए एक गाइड

HSBC

Together we thrive

Issued by The Hongkong and Shanghai Banking Corporation Limited

परिचय

आपके खाते का उचित प्रबंधन आपके वित्त और व्यापक समुदाय के वित्त दोनों की रक्षा करेगा

- हमारे व्यवसायिक ग्राहकों का अक्सर हमारे साथ व्यक्तिगत खाता भी होता है। हमारी सबसे अच्छी सलाह यह सुनिश्चित करना है कि आपके व्यवसायिक खाते वास्तव में व्यवसाय के लिए बने रहें, और उनका उपयोग व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए ना किया जाये
- व्यवसाय मालिक के रूप में, आप दैनिक संचालन में व्यस्त होते हैं और जल्दी में होते हैं, इसलिए अपने बैंक खातों को स्मार्ट तरीके से प्रबंधित करने के इन तरीकों के मार्गदर्शन से लाभ हो सकता है। यह गाइड आपके व्यवसाय को धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध से सुरक्षित रखने के लिए सुझाव प्रदान करती है – इन अभ्यासों को व्यक्तिगत खातों पर भी लागू किया जा सकता है

इस गाइड में,
हम निम्नलिखित विषयों पर सुझाव देते हैं:

1

रोजाना अपने खाते का सर्वोत्तम प्रबंधन कैसे करें

2

हमें संगठनात्मक परिवर्तनों के बारे में सूचित करना

3

आपके व्यापार चक्र में परिवर्तन लागू करते समय विचार

4

यदि आपका ग्राहक रिकॉर्ड अद्यतित नहीं रखा गया है तो क्या हो सकता है

5

वित्तीय अपराध से लड़ने के लिए हम कैसे मिलकर काम कर सकते हैं

6

हमें कैसे संपर्क करें

रोजाना अपने खाते का सर्वोत्तम प्रबंधन कैसे करें



खातों का उद्देश्य और उपयोग	खाता प्रकार के आधार पर, वैध उद्देश्यों के लिए अपने खाते का उपयोग करें
	एक व्यक्तिगत खाता केवल आपके व्यक्तिगत लेनदेन के लिए होता है, न कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए और इसी तरह, एक व्यावसायिक खाता केवल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए है, न कि व्यक्तिगत लेनदेन के लिए
स्टेटमेंट, दस्तावेज और रिकॉर्ड	अपने बैंक खातों को नियमित रूप से जाँचें और अपने बैंक विवरणों के साथ सभी गतिविधियों का मिलान करें
	सुनिश्चित करें कि आप आय, स्थानान्तरण और व्यय, साथ ही साथ रसीद, चालान और सहायक दस्तावेजों के रिकॉर्ड भी रखते हैं
	यह सुनिश्चित करें कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय भुगतान के रिकॉर्ड में पर्याप्त विवरण शामिल हैं जो दर्शाते हैं कि निधि को इरादे के अनुसार वैसे ही स्थानांतरित, प्राप्त और खर्च किया गया है
	भुगतान की आसान ट्रैकिंग और निधि के स्रोत और गंतव्य की पहचान के लिए तार अंतरण और इलेक्ट्रॉनिक बैंक हस्तांतरण जैसे लेन-देन के लिए इलेक्ट्रॉनिक भुगतान चैनलों को अच्छे से उपयोग करें
	अपने कर दायित्वों को समझें और उनका पालन करें। हमें अपनी कर निवास जानकारी प्रदान करें और कर दस्तावेज़ीकरण का स्पष्ट रिकॉर्ड बनाए रखें

यहाँ 'एक ही चीज़ सबके लिए' का दृष्टिकोण नहीं है, लेकिन कुछ आदतें और अभ्यास आपको प्रभावी ढंग से अपने खाते का प्रबंधन करने और धोखाधड़ी से बचाने में मदद कर सकते हैं.

सुरक्षा और कर्मचारियों की शिक्षा

- भुगतान के लिए स्तरीय प्राधिकरण और हस्ताक्षर स्तर का उपयोग करें - उदाहरण के लिए, अपने व्यावसायिक इंटरनेट बैंकिंग में एक प्राधिकरण मैट्रिक्स स्थापित करें और विभिन्न हस्ताक्षर समूहों के लिए आवंटित लेन-देन सीमाओं के साथ हस्ताक्षर निर्देश स्थापित करें
- भुगतान करने या उन संपत्तियों को संभालने में दूसरों की सहायता न करें जो आपके व्यवसाय से संबंधित नहीं हैं
- यह जानें कि आप किस को बेच रहे हैं या किस से खरीद रहे हैं - उदाहरण के लिए, आदाता और भुगतानकर्ता की जानकारी
- दूसरों को अपने खाते को संचालित न करने दें अगर वे ऐसा करने के लिए अधिकृत नहीं हैं
- दूसरों के साथ अपने व्यक्तिगत विवरण, खाता जानकारी, सुरक्षा उपकरण, इंटरनेट बैंकिंग ID और पासवर्ड, ATM कार्ड/क्रेडिट कार्ड, कार्ड सत्यापन मूल्य या चेक बुक साझा न करें
- फोन घोटालों और/या फ़िशिंग ईमेल के खिलाफ सावधान रहें जो बैंकों के नाम से आने का दावा करते हैं
- सुनिश्चित करें कि आपके कंप्यूटर की सुरक्षा एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर, एक सुरक्षित नेटवर्क कनेक्शन और फ़ायरवॉल सुरक्षा के उपयोग से अद्यतित है
- धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध जोखिम के बारे में अपने कर्मचारियों को शिक्षित करें। उदाहरण के लिए, भुगतान करने से पहले प्रतिरूप के ई-मेल की पुष्टि करने और टेलीफ़ोन सत्यापन करने के महत्व को हाइलाइट करें

हमें संगठनात्मक परिवर्तनों के बारे में सूचित करना

धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध से लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम आपके और आपके व्यापार के बारे में सही डेटा रखें। आपकी कंपनी की संपर्क जानकारी में किसी भी बदलाव के बारे में हमें सूचित करने के अलावा (उदाहरण के लिए, पता, टेलीफोन नंबर और ई-मेल पते में बदलाव), यह भी महत्वपूर्ण है कि आप नियमित रूप से हमें अपने व्यावसायिक चक्र में बदलावों के बारे में सूचित करें।

अपनी खाता जानकारी का अद्यतन करने के निर्देशों के लिए 'हमें कैसे संपर्क करें' अनुभाग देखें।

आपके व्यापार चक्र में परिवर्तन			आपकी कंपनी संरचना में परिवर्तन	
बिक्री कारोबार में आंगिक वृद्धि	नए बाजारों और ग्राहक प्रकारों में विस्तार	व्यापार की प्रकृति में परिवर्तन	लोग - निदेशक, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, शेयरधारक और अंतिम हिताधिकारी स्वामी	विधिक संस्था - उदाहरण के लिए, एकल मालिक से सीमित देयता कंपनी तक

आपके व्यापार चक्र में परिवर्तन लागू करते समय विचार

जैसे आपका व्यवसाय चक्र बदलता है, कृप्या स्वयं को धोखाधड़ी या अन्य वित्तीय अपराधों से बचाने के लिए निम्नलिखित पर विचार करें।

प्रासंगिक प्रतिबंधों की पहचान के लिए लक्षित बाजारों और स्थानीय बैंकिंग समर्थन में विपणन शोध करें

जानें कि व्यवसाय के रूप में आप किस के साथ काम कर रहे हैं - जैसे कि आपके खरीदार, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक और सेवा प्रदाता - और उनके व्यावसायिक देश और क्षेत्र संबंधी जानकारी

अपने वित्त पोषण के स्रोतों से अवगत रहें - उदाहरण के लिए, सुनिश्चित करें कि नए निवेशकों या भागीदारियों से वित्त पोषण विधिसम्मत है

भुगतान एजेंटों और प्लेटफॉर्म के उपयोग सहित, अपने भुगतान विधियों का ट्रैक रखें। बिना लाइसेंस वाले धन-प्रेषण एजेंटों के माध्यम से लेन-देन मत करें

यदि आपका ग्राहक रिकॉर्ड अद्यतित नहीं रखा गया है तो क्या हो सकता है

आज की तेजी से जुड़ती दुनिया में, वित्तीय अपराध एक बढ़ता हुआ वैश्विक मुद्दा है। हमारे सभी ग्राहकों के बारे में सटीक जानकारी रखना धोखाधड़ी के लेन-देन, काले धन को वैध बनाने और कर चोरी को रोकने की हमारी क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपके व्यवसाय के बारे में अद्यतित जानकारी के बिना, हमें निम्नलिखित कार्यवाही करने की आवश्यकता हो सकती है:

व्यवसायिक खाता

आपको उन लेन-देन की व्याख्या करने के लिए कहा जाता है जो आपकी वर्तमान व्यावसायिक प्रोफ़ाइल से मेल नहीं खाते हैं। उदाहरणों में बड़े वायर हस्तांतरण या नकद जमा करना शामिल हैं जिन्हें चालान और अनुबंध जैसे सहायक दस्तावेज द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। इस तरह के लेन-देन रेड फ्लैग खड़ा करते हैं, क्योंकि वे काले धन को वैध बनाने सहित अवांछित गतिविधि के समान हो सकते हैं।

अगर हम आपके व्यापार के बारे में अद्यतित जानकारी रखते हैं - उदाहरण के लिए, घरेलू से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में विस्तार, इन लेन-देन को समझाया जा सकता है और अनावश्यक रेड फ्लैग से बचा जा सकता है

यदि आपके खाते की असामान्य गतिविधि को समझाया नहीं जा सकता है, तो हमें कुछ बैंकिंग सेवाओं जैसे कि बाहरी धन-प्रेषण, या आपके साथ हमारे बैंकिंग संबंध समाप्त करना पड़ सकता है

व्यक्तिगत खाता

किसी व्यक्ति को उनके व्यावसायिक हितों से अपने व्यक्तिगत खातों में वैध भुगतान प्राप्त करने के बारे में कोई चिंता नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन्हें उचित रूप से प्रलेखित किया गया होना चाहिए। उदाहरण के लिए, निदेशकों के पारिश्रमिक से उत्पन्न भुगतान, लेखित निदेशकों के ऋण का वापिस भुगतान, इक्विटी हिस्से लाभांश या की बिक्री या खरीद की चुकौती आपकी कंपनी के वार्षिक खातों और / या रसीदों द्वारा सत्यापित की जा सकती है

वित्तीय अपराध से लड़ने के लिए हम कैसे मिलकर काम कर सकते हैं



आपके जैसे उद्यमी हांगकांग अर्थव्यवस्था का आधार हैं। हम धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध के खिलाफ आपके खाते की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि आपका व्यवसाय बढ़ सके, और हमारे द्वारा आपको अनुरोध की जाने वाली जानकारी हमें इसे प्राप्त करने में मदद करेगी।

यदि आप हमारे साथ व्यवसायिक और व्यक्तिगत खाता दोनों बनाए रखते हैं, तो हमें सूचित और अद्यतित रखना हमें आपकी बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा और वित्तीय अपराधों के खिलाफ हमारे ग्राहकों और व्यापक समुदाय को सुरक्षा प्रदान करेगा।

यदि आप हमसे अनुरोध प्राप्त करते हैं तो आपको क्या करना चाहिए?

हम से प्राप्त पत्र, ई-मेल और कॉल के प्रति सावधान रहें

जानकारी के लिए हमारे अनुरोधों का समय पर जवाब दें

सुनिश्चित करें कि जो जानकारी आप हमें प्रदान करते हैं वह पूर्ण, सटीक और अद्यतित है

यदि आपके पास व्यवसाय या व्यक्तिगत अपडेट के बारे में कुछ पूछना है तो हम से संपर्क करने में संकोच न करें



हम आपको एक सुरक्षित बैंकिंग वातावरण प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। बैंकों, व्यक्तियों और व्यवसायों को हांगकांग की वित्तीय प्रणाली की अखंडता की रक्षा करने के लिए, हमारे ग्राहकों की जानकारी को अद्यतित रखना महत्वपूर्ण है।

हमें कैसे संपर्क करें

- अपनी कंपनी की जानकारी अपडेट करने के लिए, किसी भी HSBC बिजनस सेंटर पर जाएँ या हमारी कमर्शिअल बैंकिंग सर्विस हॉटलाइन पर कॉल करें (852) 2748 8288 (भाषा चयन के बाद # -0 दबाएँ)
- व्यक्तिगत बैंकिंग के लिए, हांगकांग में किसी भी HSBC शाखा में जाएँ या (852) 2233 3322 (HSBC प्रीमियर ग्राहक), (852) 2748 8333 (HSBC उन्नत ग्राहक) या (852) 2233 3000 (अन्य ग्राहक) पर कॉल करें

जारी सुरक्षा

HSBC सेफगार्ड हमारी वैश्विक प्रणाली में जानकारी को अद्यतित रखने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए उपायों की हमारी श्रृंखला है जो हमारे ग्राहकों को धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध से बेहतर ढंग से सुरक्षित रखने के लिए अद्यतित है। यह एक सतत कार्यक्रम है और इस प्रक्रिया के हिस्से में नियमित समीक्षा शामिल है जहाँ हम आपको आपके विवरण की पुष्टि या अद्यतन करने या नई जानकारी प्रदान करने के लिए कहेंगे। यदि आप या आपके संगठन के बारे में कोई जानकारी बदलती है तो आप अपने खाता विवरण अपडेट करने के लिए हमें संपर्क भी कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करके कि आपके द्वारा किए गए लेन-देन केवल वास्तविक अनुरोधों पर आधारित है यह आपको और आपके व्यवसाय की रक्षा करने में हमारी सहायता करेगा।

आप HSBC सेफगार्ड वेबसाइट www.hsbc.com.hk/hsbcsafeguard पर अधिक जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं

यह दस्तावेज़ हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कारपोरेशन लिमिटेड (HSBC) द्वारा जारी किया गया है। इसे किसी भी क्षेत्राधिकार में किसी के लिए व्यावसायिक प्रस्ताव या आग्रह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। यह क्षेत्राधिकार में किसी स्थान या किसी निवासी को वितरण के लिए नहीं है जो इस दस्तावेज़ के वितरण को प्रतिबंधित करता हो। इस दस्तावेज़ में निहित जानकारी केवल सामान्य प्रकृति की है। यह विस्तृत रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और यह वित्तीय, कानूनी, कर या अन्य पेशेवर सलाह नहीं है। प्रदान किए गए उदाहरण तथ्य विशिष्ट हैं और किसी भी व्यक्ति द्वारा की जाने वाली कोई भी कार्रवाई परिस्थितियों पर निर्भर करती है। इस दस्तावेज़ में किए गए किसी भी राय या बयान पर निर्भरता के कारण किसी भी परिस्थिति में HSBC किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कारपोरेशन लिमिटेड की पूर्व लिखित अनुमति के बिना, इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा पुन: उत्पादित नहीं किया जा सकता है, किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या अन्यथा किसी भी रूप में, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत या प्रसारित नहीं किया जा सकता है। ।